सीसीटीएनएस/ विवेचना के डिजिटाइजेशन हेतु मा0 उच्च न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन

मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ 226006

पत्रांकः टीएस–सीसीटीएनएस–22/2009 **दिनांक:मई 10, 2019**

सेवा में,

समस्त अपर पुलिस महानिदेशक जोन, उत्तर प्रदेश।
समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, परिक्षेत्र उत्तर प्रदेश।
समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जनपद, उत्तर प्रदेश।

समस्त जोन/परिक्षेत्र/जनपद कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उ0प्र0।

विषयः– सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत विवेचना के डिजिटाइजेशन हेतु वित्तीय वर्ष 2019–2020 हेतु लेखाशीर्षक 46 कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का कार्य के अन्तर्गत थानों में Desktop, UPS, Printer हार्डवेयर हेतु ₹ 9,99,30,000-00, लेखाशीर्षक 47 कम्प्यूटर अनुरक्षण/ तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का कार्य के अन्तर्गत थानों हेतु टोनर, पेपर, एवं कम्प्यूटर, प्रिन्टर, यूपीएस, बैटरी एवं सहवर्ती उपकरणों की मरम्मत हेतु ₹ 24,02,58,000-00, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज को प्रस्तावित बजट के सापेक्ष पत्र में वर्णित आवंटित बजट को विभागीय व शासकीय नियमों के अधीन नियमानुसार Desktop, UPS, Printer, Paper, Toner क्रय हेतु लेटेस्ट वर्जन/उच्च क्षमता एवं आवंटित अनुमानित बजट में सबसे अधिक क्षमता के हेवी ड्यूटी, उच्च क्वालिटी व गुणवत्ता का उपकरण क्रय किये जाने विषयक।

सन्दर्भः–पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के समांक पत्र दिनांकित 20.04.2019, इस मुख्यालय के समांक पत्र दिनांक 26.04.2019, 27.04.2019, 7.5.2019

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के पत्रांक उप0प्रको0–सीसीटीएनएस थाना–46–2019 दिनांक 16.04.2019, पत्रांक 161/उ0प्र–सीसीटीएनएस थाना–46–2019 दिनांक 24.04.2019 ₹ 9,99,30,000-00 बजट आवंटन, पत्रांक 01/उप0प्रको0–सीसीटीएनएस थाना–46–2019 दिनांक 29.04.2019 ₹ 512.67 लाख अनुदान की व्यवस्था पुनर्विनियोग, पत्रांक 171/उ0प्र–सीसीटीएनएस थाना–46–2019 दिनांक 29.04.2019 ₹ 19,18,92,000-00 बजट आवंटन।

कृपया अवगत कराना है कि **जमानत याचिका संख्याः 8835/2018 रवि बनाम उत्तर प्रदेश सरकार में मा0 न्यायालय द्वारा पारित निर्णय/निर्देशों/आदेश दिनांकः 30.10.2018, 15.11.2018, 29.11.2018, 12.02.2019, 25.03.2019, 29.04.2019 के अनुपालन** में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा **विवेचना के डिजिटाइजेशन** हेतु निर्गत निर्देश के क्रम में **हार्डवेयर व सामग्री हेतु सीसीटीएनएस के अन्तर्गत थानों हेतु बजट आवंटित** किया गया है।

2. इस परिप्रेक्ष्य में उपरोक्त सन्दर्भित पूर्व निर्देश के अनुसार **Desktop, UPS, Printer, Paper, Toner क्रय हेतु उपलब्ध कराये गये मानक सुझावात्मक दिशानिर्देश के लिए उपलब्ध कराये गये हैं।** उक्त क्रय के लिए उपकरण लेटेस्ट वर्जन/ उच्च क्षमता एवं आवंटित अनुमानित बजट में हेवी ड्यूटी क्षमता के होने चाहिए। इस प्रकिया में यह आशय स्पष्ट रहे कि

Scanned by CamScanner

उपकरण हेतु निर्धारित राजकीय दर से अधिक का न हो तथा उस लागत में सबसे अधिक क्षमता के हेवी ड्यूटी, उच्च क्वालिटी व गुणवत्ता का उपकरण उपलब्ध हो। अतः उपरोक्त निर्देश के अनुसार अग्रेतर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

(आशुतोष पाण्डेय)
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. पुलिस अधीक्षक/सहायक निदेशक, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ को अपने निकट पर्यवेक्षण में के उपभोग हेतु मासिक समीक्षा/ हार्डवेयर की स्थिति अद्यावधिक रखे जाने/ अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु।
2. ऑकिक, उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र / उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ को वित्तीय वर्ष 2019—20 के अवशेष बजट हेतु अपेक्षित कार्यवाही कराये जाने एवं मासिक प्रगति से अनुदान आवंटन होने तक स्थिति उपलब्ध कराये जाने तथा आवंटित बजट के सापेक्ष नियमानुसार शत—प्रतिशत उपभोग की मासिक स्थिति की समीक्षा हेतु आख्या प्रस्तुत किये जाने हेतु।
3. प्रभारी सीसीटीएनएस को सूचनार्थ एवं समय—समय पर जनपदों में थानावार परिवर्तित स्थान/ आवश्यकता व अन्य स्थिति की सूचना को अद्यावधिक रखे जाने तथा अग्रेतर कार्यवाही हेतु।
4. श्री आशीष जायसवाल, प्रोग्रामर ग्रेड—2, प्रभारी हार्डवेयर, उ0प्र0पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ को समय—समय पर जनपदों में थानावार परिवर्तित स्थान/ आवश्यकता/ व अन्य स्थिति की सूचना को अद्यावधिक रखे जाने तथा मासिक स्थिति प्रस्तुत किये जाने के साथ ही अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. श्री दिग्विजय, कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड—ए), उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ को पत्र मेल व वेबसाइट पर अपलोड किये जाने एवं समस्त कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड—ए को क्यू—मेल के माध्यम से प्रेषित किये जाने व अभिलेखार्थ रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु।

Scanned by CamScanner